# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (06.05.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:06.05.2025, PAGE-04**

# विवि में सिलेबस पूरा होने पर ही होंगी परीक्षाएं

हि एक्सक्लूसिव

- उच्चशिक्षा निदेशालय एकेडमिक एक्सीलेंस के तहत तैयार कर रहा प्रस्ताव
- विश्वविद्यालयों में स्नातक से लेकर पीजी तक लागू की जाएगी नई व्यवस्था

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** सूबे के विश्वविद्यालयों में सिलेबस पूरा होने पर ही स्नातक और पीजी की परीक्षाएं होंगी। उच्च शिक्षा निदेशालय इसकी तैयारी कर रहा है। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि विवि में परीक्षा और कक्षा के संबंध में जल्द ही सभी विश्वविद्यालयों के साथ बैठक की जाएगी विश्वविद्यालयों में एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे उन्होंने कहा हमारी कोशिश है कि सिलेबस पूरा हो और परीक्षाएं समय पर ली जाएं ताकि विद्यार्थियों को सिलेबस का पूरा ज्ञान हो सके।

**अधूरे सिलेबस पर देते हैं पूरी परीक्षा :** बीआरएबीयू समेत राज्य के कई विश्वविद्यालयों में अधूरे सिलेबस पर ही परीक्षाएं ली जा रही हैं। बीआरएबीयू में हाल में ही पीजी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-26 का परीक्षा फार्म भरने की तारीख जारी कर दी गई, जबकि प्रथम सेमेस्टर की कक्षा 16 अप्रैल से शुरू ही हुई है। छात्रों के विरोध के बाद फार्म भराना रोका गया। बीआरएबीयू में पीजी के अलावा स्नातक तीसरे सेमेस्टर सत्र 2023-27 की परीक्षा छात्रों ने ढाई महीने में ही दे दी। पीजी थर्ड सेमेस्टर सत्र 2023-25 में छात्रों ने सिर्फ डेढ़ महीने कक्षा की। उसके बाद परीक्षा की तारीख आ गई, जबकि एक सेमेस्टर छह महीने का होता है।

**ट्यूटोरियल कक्षा कराने की योजना :** समेत सभी विश्वविद्यालयों में ट्यूटोरियल क्लास कराए जाने की भी योजना बन रही है। ट्यूटोरियल कक्षाएं सभी कॉलेज और विश्वविद्यालयों में शुरू की जाएगी ताकि पढ़ाई में विद्यार्थियों की दिक्कत का समाधान किया जा सके।

### 25 छात्रों पर एक शिक्षक का मानक नहीं हो रहा पूरा

25 छात्रों पर एक शिक्षक के अनुपात का मानक पूरा नहीं हो रहा है। यूजीसी का निर्देश है कि प्रति 25 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक होना चाहिए। बीआरएबीयू में पांच लाख विद्यार्थी का नामांकन है। इन्हें पढ़ाने के लिए 837 नियमित व 375 अतिथि शिक्षक हैं। ललित नारायण मिथिला विवि में 875 नियमित और 687 अतिथि शिक्षक पढ़ा रहे हैं।

### बीआरएबीयू में क्रैश कोर्स चलाने का प्रस्ताव

सिलेबस पूरा करने के लिए कॉलेजों और पीजी विभागों में क्रैश कोर्स चलाने का प्रस्ताव है। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि कैश कोर्स से बचा सिलेबस पूरा कर लिया जाएगा। सभी कॉलेजों और पीजी विभागों में क्रैश कोर्स चलाया जाएगा छात्रों को परीक्षा से पहले रीविजन भी कराया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:06.05.2025**
**PAGE-04**

## स्क्रूटनी के बाद वैध उम्मीदवार की सूची जारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के चुनाव के लिए सोमवार को स्क्रूटनी के बाद वैध उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई। अध्यक्ष पद के लिए रामकुमार व संजीव कुमार सिंह दावेदारी करेंगे। वहीं उपाध्यक्ष पद पर अभिरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार व सुरेश राय उम्मीदवार हैं। सचिव पद के लिए गौरव कुमार व कुमार राजन, ट्रेजरर पद के लिए अमित भारद्वाज, प्रभात कुमार, विक्रम कुमार, संयुक्त सचिव के पद पर हिमांशु कुमार, लालबाबू, विजय प्रताप सिंह और सहायक सचिव के लिए अभय शंकर सिंह, चंदन कुमार व नवल किशोर चौधरी दावेदारी करेंगे।